भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1375
बुधवार, 03 जुलाई, 2019/12 आषाढ़, 1941 (शक)

शिक्षित बेरोजगार व्यक्तियों में वृद्धि

1375. श्री संजय सेठः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि अशिक्षित बेरोजगार व्यक्तियों की तुलना में शिक्षित बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो शिक्षित और अशिक्षित व्यक्तियों के संबंध में बेरोजगारी की वर्तमान दर क्या है और विगत तीन वर्षों का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क से ग): राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा रोजगार एवं बेरोजगारी पर पंचवर्षीय श्रम बल सर्वेक्षण आयोजित किए गए। ऐसा पिछला सर्वेक्षण 2011-12 के दौरान आयोजित किया गया था। अब, एनएसएसओ वार्षिक आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) करने लगा है, जो 2017-18 के दौरान आयोजित किया गया था। देश में सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर शिक्षित एवं अशिक्षित व्यक्तियों में अनुमानित बेरोजगारी दर नीचे दी गई हैः

15 वर्ष या उससे अधिक आयु के शिक्षित और अशिक्षित व्यक्तियों में बेरोजगारी दर (% में)				
सर्वेक्षण की अवधि	2017-18* (पीएलएफएस)		2011-12 (एनएसएस 68वां दौर)	
शिक्षा का स्तर	अशिक्षित	माध्यमिक और उससे अधिक	अशिक्षित	माध्यमिक और उससे अधिक
ग्रामीण पुरुष	**1.7**	**10.5**	**0.5**	**3.6**
ग्रामीण महिला	**0.1**	**17.3**	**0.2**	**9.7**
शहरी पुरुष	**2.1**	**9.2**	**0.7**	**4.0**
शहरी महिला	**0.8**	**19.8**	**0.4**	**10.3**

*(टिप्पणीः *तुलना हेतु, एनएसएस सर्वेक्षणों के पूर्व के दौर के साथ पीएलएफएस के परिणामों को उस संदर्भ में समझे जाने की आवश्यकता है जिसके तहत सर्वेक्षण की कार्य-पद्धति तथा प्रतिदर्श चयन को तैयार किया गया है)*

*****